## सार-समाचार

### बिजली आपूर्ति की समस्या बताई

**सांचौर**, (कासं)। सांचोर में अघोषित कटौती से परेशान किसानों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। क्षेत्र के दाता 33 केवी विद्युत उप केंद्र पर ओवरलोड की समस्या और रात में दी जा रही थ्री-फेज सप्लाई के विरोध में बड़ी संख्या में किसानों ने धरना दिया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने सांकड़ स्थित सहायक अभियंता दिनेशकुमार ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश की जोधपुर विद्युत वितरण निगम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और व्यवस्था सुधारने के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। रात की बिजली आपूर्ति पर सवाल, दिन की शिफ्ट की मांग भारतीय किसान संघ सांचौर के तहसील अध्यक्ष पाबूराम ने बताया कि मौजूदा समय में विभाग द्वारा किसानों को रात के समय थ्री-फेज बिजली की आपूर्ति की जा रही है। यह राज्य सरकार के उन निर्देशों का खुला उल्लंघन है, जिसमें किसानों को दिन में बिजली देने की बात कही गई है। कडाके की ठंड और जंगली जानवरों के खतरे के बीच रात में सिंचाई करना किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। किसानों की मांग है कि इस नाइट शिफ्ट को तत्काल प्रभाव से डे-शिफ्ट (दिन) में बदला जाए। ओर दाता जिससे में अतिरिक्त गांव को जोडा गया। उसकों हटाया जाए ताकि लोड की समस्या नहीं रहे इस जीसस में कूडा, पुर, नागोगलडी , किलुपिया को जोड़ा गया है। जोधपुर विधुत वितरण निगम सांकड के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि किसानों की लोड की समस्या जिसकी वजह से रात्रि 3 शिफ्ट लाइट दी जा रही है। समझाइश की 5 दिन में एस्टीमेट बनाकर उच्चाधिकारियों भेजेंगे समस्या का समाधान हो सके।

### बिजली कटौती व यूरिया की किल्लत

**रेवदर**, (निसं)। कालन्द्री कस्बे समेत आसपास के दर्जनो गांवो के किसानो ने बार बार बिजली कटौती और यूरिया की किल्लत को लेकर धरना-प्रदर्शन कर उपतहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान करवाने की मांग रखी। आक्रोश किसान नारेबाजी करते हुए कालन्द्री उपतहसील कार्यालय पहुंचे जहा उपतहसीलदार गेनाराम मीणा को जिला कलेक्टर सिरोही के नाम ज्ञापन सौंपा। और बताया कि रबी कि फसल को लेकर सीजन शुरू हुई है लेकिन बार बार बिजली कटौती होने से किसान व काश्तकारो को भारी मुसीबतें झेलनी पड़ रही है। साथ ही सरकार किसानों को 6 घण्टे बिजली दे रही है। उसमे भी बार बार कटौती व शैष रात दस बजे बिजली देते है। जिससे किसानो को भारी परेशानी झेलनी पड रही है। गेंहू और सरसो के लिए यूरिया खाद कि सख्त जरूरत होने के बावजूद भी किल्लत झेलनी पड रही है और यूरिया के साथ अन्य नैनो यूरिया कि बोतल लेने के लिए किसानो को मजबूर किया जा रहा है जिसका किसानो ने पुरजोर विरोध किया। इस दौरान उपतहसीलदार गेनाराम मीणा, एक्सीएन महेन्द्र मीणा, एईएन हेमंत प्रजापत, जेजेएम अनील कुमार, एएसआई घेवरचंद आदि से किसानों के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई। एक्सईएन व उपतहसीलदार ने जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान चेलाराम, दिलीप सिंह राठौड, माधुसिह देवडा, शैतानसिंह, जीवाराम, पीरसिह, ओकदान, मेघाराम, चुनीलाल, गजेन्द्र सिंह, दलपतसिंह, कस्तूर, पीराराम, मगनलाल, नोनाराम, फुलसिंह, अशोक, क्षेणिदान, वीसाराम, जेपाराम, देपाराम, विजय, प्रवीण, छोगालाल, पीरसिह, हरिसिंह, मोतीसिंह, छैलसिंह, नरेन्द्र सिंह, नारायण , जीवाराम सहित कई जने मौजूद रहे।

### एसआईआर पर विशेष प्रशिक्षण सत्र हुआ

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में गुरूवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के जगदीश सिंघल, दिनेश मेघवाल व ओम प्रकाश बिश्नोई ने विद्यार्थियों को एसआईआर प्रक्रिया, डिजिटल वेरिफिकेशन, मतदाता सूची के अद्यतन तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को फील्ड में काम आने वाली तकनीकों, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग, डाटा एंट्री की सही विधि और त्रुटिरहित कार्यप्रणाली के बारे में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। कॉलेज प्रशासन ने एसआईआर टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी समझ व प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

### कलबी ने मतदाताओं को प्रेरित किया

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने आज विधानसभा पचपदरा क्षेत्र के गोल स्टेशन में स्थित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के प्रति जागरूक किया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने राशन वितरण के समय उपस्थित आमजन के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि जिस प्रकार वे राशन लेने के लिए आते हैं, उसी तत्परता से मतदाता सूची को शुद्ध करवाने के कार्य में भी सहयोग करें। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ का सहयोग करें जब वे घर-घर सर्वे के लिए आएं। अपने परिवार के सदस्यों के नाम सूची में जांच लें। नाम जुड़वाने, हटाने या त्रुटि सुधार के लिए आवश्यक फॉर्म समय पर भरें। उन्होने आमजन से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आवश्यक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि एक शुद्ध मतदाता सूची ही एक मजबूत लोकतंत्र का आधार है।

### जेल के शौचालय में मिला की-पेड फोन

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार में जेल प्रशासन की तरफ से बुधवार शाम को तलाशी अभियान चलाया गया। एक वार्ड के शौचालय के रोशनदान में की-पेड मोबाइल फोन मिला। अज्ञात शख्स के खिलाफ अब रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। फोन में सिम नहीं लगी है। रातानाडा पुलिस के अनुसार केंद्रीय कारागार के प्रहरी दशरथ की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि बुधवार की शाम को जेल प्रशासन की तरफ से सर्च अभियान चलाया गया। तब वार्ड नंबर 3 में बने शौचालय के रोशनदान को चैक किया गया, जहां पर एक की- पेड फोन मिला। यह फोन किसका था, इस बारे में पता नहीं चल पाया। फोन में सिमकार्ड नहीं लगा है। रातानाडा पुलिस ने अब आगे की पड़ताल कर रही है।

### जोगेश्वर गर्ग ने शोकाकुलों को दी सांत्वना

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरुवार को सायला तहसील के उनड़ी ग्राम की कस्तू देवी पत्नी पोलाराम सेन, ग्राम रघुनाथपुरा के मदन पुरोहित पुत्र गणपत पुरोहित व ग्राम सायला की रकमों देवी पत्नी राजाराम चौधरी तथा जालोर शहर स्थित प्रेम नगर के मालाराम जी सुंदेशा पुत्र जेपाराम माली व केशव नगर के कीर्तिदत्त नाग के दुःखद निधन पर उनके घर जाकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान रामप्रकाश चौधरी, उदयसिंह दादाल, रवि सोलंकी, राहुल भंडारी, रेवाराम सेन, रघुनाथ पुरोहित, रमेश गर्ग, नाथू सोलंकी सहित ग्रामीण व शहरवासी उपस्थित रहे।

### अरुण सालेचा जिला कोषाध्यक्ष बने

**बालोतरा**, (निसं)। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोङ के निर्देशानुसार एव प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता अनुशषा पर भाजपा जिलाध्यक्ष भरत मोदी ने अरूण सालेचा को संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। अरुण सालेचा संगठन से लंबे समय से कई दायित्व को निर्वहन कर चुके हैं जिला अध्यक्ष द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अरुण सालेचा संगठन में निरंतर कार्य को लेकर जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### गुजरात के श्रम मंत्री रणकपुर आएंगे

**पाली**, (नि.सं.)। गुजरात सरकार के श्रम, कौशल, विकास एवं नियोजन राज्यमंत्री कांतिलाल अमृतिया 22 नवम्बर को रणकपुर दौरे पर रहेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार गुजरात सरकार के श्रम राज्यमंत्री कांतिलाल अमृतिया रविवार को प्रातः 8 बजे गांधीनगर से प्रस्थान कर सायं 6 बजे रणकपुर पहुंचेगे। वे रणकपुर लाल बाग रिसोर्ट में आयोजित सिक्किम राज्यपाल की भतीजी के विवाह समारोह में शामिल होंगे। वे 23 नवम्बर को प्रातः 8 बजे रणकपुर से गांधीनगर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# एसआईआर में बेहतर प्रदर्शन पर 14 बीएलओ का सम्मान



बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शत प्रतिशत कार्य संपादित करने वाले 14 बीएलओ को सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत शत प्रतिशत कार्य संपादित करने वाले 14 बीएलओ का मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए उत्साहवर्धन करते हुए अन्य बीएलओ एवं एसआईआर से जुड़े कार्मिकों को बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शत-प्रतिशत कार्य संपादित करने वाले 14 बीएलओ को सम्मानित किया।

जिला मुख्यालय पर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र के आलमसर खुर्द के बीएलओ मूलसिंह भाखर से एसआईआर को लेकर संवाद किया। इस दौरान बीएलओ मूलसिंह ने परिगणना प्रपत्र वितरण एवं रजिस्टर संधारण के साथ देर रात्रि तक कार्य करने के बारे में अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित होने वाले बीएलओ के बेहतरीन कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य स्तर पर भी बेहतरीन कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करवाने की बात कही। उन्होंने इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को बेहतरीन कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बाड़मेर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत शत-प्रतिशत कार्य संपादित करने वाले 14 बीएलओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशों की अनुपालना में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के तहत बेहतर कार्य करने वाले बूथ स्तर अधिकारियों की पहचान करते हुए उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बीएलओ समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य कर रहे हैं, उन्हें तत्परता से सम्मानित किया जाए, ताकि उनका मनोबल बना रहे। उन्होंने कहा कि बाड़मेर जिले में मतदाता सूची को अधिकतम सटीकता के साथ तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए प्रभावी मोनेटरिंग के साथ फील्ड में कार्यरत हर बीएलओ को आवश्यक सहयोग, प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्रसिंह चांदावत ने बताया कि सम्मानित बीएलओ के काम को देखकर अन्य बीएलओ भी अपने कार्यों में अधिक गंभीरता, पारदर्शिता और दक्षता ला रहे हैं। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस छाया सिंह, बाड़मेर उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, शिव उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी, चौहटन उपखंड अधिकारी रणछोड़ सोलंकी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दिलीप जैन समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे । उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत बाड़मेर जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संठाहण एवं डिजिटलीकरण कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ एसआईआर की निरंतर समीक्षा के साथ क्रियान्विति सुनिश्चित करवा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने शिव विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ कृष्ण कुमार, सत्यनारायण, हेमाराम, गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र से प्रतापसिंह, महावीर शर्मा, किशनाराम, जोगाराम, मुलसिंह भाखर, भजनलाल, भजनलाल विश्नोई, भीखाराम विश्नोई, बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र से राजेंद दान, मनोज सेन एवं चौहटन विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ चूनाराम को सम्मानित किया।

# झांसी की रानी प्रेरणादायक व्यक्तित्व व महान वीरांगना : डॉ. सुमन रावलोत

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर धूमधाम से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रमों को शाखा स्थल से लेकर विद्यालयों, सेवा बस्तियों, कॉलेजों और अपार्टमेंट तक विस्तारित किया गया। प्रांत कार्यवाहिका डॉक्टर सुमन ने झांसी की रानी को आदर्श, महान वीरांगना और प्रेरणादायक व्यक्तित्व बताया।

पाली विभाग में सुमन पुरोहित, अंजना सराफ और चंद्र किरण के नेतृत्व में कार्यक्रमों का सफल संचालन हुआ। विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी, स्केच बनाना, नृत्य रूपांतरण, नाटकों का मंचन एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना जगाई गई। झांसी की रानी के जीवन परिचय व उनके साहस को बच्चों और युवाओं तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य था।

कार्यक्रमों में बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य करते हुए झांसी की रानी के बलिदान, संघर्ष और नेतृत्व की कहानियों से प्रेरित किया गया। पाली के सभी जिलों में भी इन्हीं कार्यक्रमों की सफलता रही। प्रमुख कार्यक्रम रुकमादेवी बी एड कॉलेज, रूप रजत स्कूल, ज्योति विद्या मंदिर, विजय पब्लिक स्कूल, बी.एड कॉलेज, सरस्वती विद्यालय, राज पब्लिक स्कूल और विभिन्न शाखा स्थलों पर आयोजित हुए। आयोजन राष्ट्रशक्ति में तलवार और कलम दोनों की महत्ता को दर्शाता है, जहां शारीरिक और बौद्धिक शक्ति दोनों को मजबूत करने पर बल दिया गया।

राष्ट्र सेविका समिति ने सभी सहभागी विद्यालय परिवारों और सेविकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। इस आयोजन के माध्यम से झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के आदर्श और साहस को जीवंत रखा गया है, जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की छात्र-छात्राओं, प्रिया, तृप्ति चतुर्वेदी, खुशी लखारा, लक्ष्मी, कोमल, मंजू सिरवी, नवरत्न सहित कई सेविकाएं उपस्थिति रही।

# लोडिंग टेंपो की टक्कर से एक जने की मौत

**सायला**, (निसं)। पुलिस थाने में लोडिंग टेंपो द्वारा पिता को टक्कर मारने का पुत्र ने मुकदमा दर्ज करवाया है। टेंपो की टक्कर में घायल अधेड की उपचार के लिए आगे ले जाते समय बीच में ही मौत हो गई।

सायला निवासी प्रभुराम पुत्र वरदाराम जाति गाडलिया लोहार ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि 19 नवंबर 2025 को शाम सात बजे के करीब उसके पिता वरदाराम पुत्र गिरधारीजी व उसके काका रामाराम पुत्र गिरधारीजी निवासी सायला दोनो पैदल पडयारो की ढाणी से सायला आ रहे थे। उसके पिताजी आगे चल रहे थे तथा काका कुछ दूरी पर पीछे थे। सायला की ककाडी नाडी के वहा पहुंचे तभी पीछे से थ्री व्हीलर टेंपो के चालक मंगलाराम पुत्र सूजाराम माली निवासी आलासन ने टेंपू को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाता हुआ आया और पीछे से पैदल चल रहे उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी। टेंपू की टक्कर में पिता गंभीर घायल हो गए। बाद में घायल पिता को मेरे काका वगेरह लेकर सरकारी अस्पताल आए और मुझे सूचना मिलने पर में भी अस्पताल पहुंचा। जहा पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के आगे रेफर किया। घायल पिता को उच्च उपचार के लिए भीनमाल लेकर जा रहे थे। जिनकी बीच रास्ते में ही मृत्यु हो गई। बाद में शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की रिपोर्ट के आधार पर वाहन को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वही पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर टेंपो को जब्त किया।

### कई वाहन पार

**जोधपुर**, (कासं)। दुपहिया वाहन चोरों के साथ अब चार पहिया वाहन चोर गिरोह भी सक्रिय होने लगा है। गत 24 घंटों में एक स्थान से थार जीप चोरी हो गई वहीं दो जगहों से चोर दुपहिया वाहन चोरी कर ले गए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मूलतः खेड़ापा के बिरसालु हाल नांदड़ी रूपनगर में किराए पर रहने वाले भैरूसिंह पुत्र मोडसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके घर के बाहर उसकी थार जीप खड़ी थी। रात को खड़ी गई थार को सुबह उठने पर वह अपने स्थान पर नहीं मिली। गाड़ी चोरी के संबंध में अब बनाड़ पुलिस जांच कर रही है। करवड़ पुलिस के अनुसार कैलावाकलां करवड़ निवासी महेंद्र पुत्र रूपाराम विश्नोई की बाइक उसके घर के बाहर खड़ी थी।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर योजना की लॉटरी निकाली

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नवीन सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर आवासीय योजना के भूखण्डों के लिए मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर (एमआईसी) में बुधवार को योजना के योग्य आवेदकों की कम्प्यूटराईज्ड पद्धति के माध्यम से लॉटरी निकाली गई।

नवीन योजना की लॉटरी सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, भाजपा जिलाध्यक्ष देहात त्रिभुवन सिंह भाटी, जनप्रतिनिधि महेन्द्र मेघवाल, किशन लड्डा के कर कमलों से संपन्न हुई। लॉटरी कार्यक्रम के दौरान सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष जोविप्रा डॉ. प्रतिभा सिंह, आयुक्त जोविप्रा उत्साह चौधरी, सचिव कंचन राठौड़, जेडीए उपायुक्त एवं निदेशक मौजूद रहे।

कार्यक्रम प्रभारी उपायुक्त जोन-4 अदिति पुरोहित ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आय वर्गों यथा ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी-बी एवं एचआईजी के अन्तर्गत किए गए आवेदन पत्रों की ऑनलाईन जांच की गई तथा 930 भूखण्ड़ों हेतु योग्य 14538 आवेदकों के आवेदन पत्र की आय वर्गानुसार ऑनलाईन कम्प्यूटराईज लॉटरी करते हुए भूखण्ड़ों का आवंटन किया गया।

आवेदकों द्वारा योजना के सफल आवंटियों की सूची जेडीए की वेबसाईट पर ऑनलाईन देखी जा सकती है। सफल आवंटियों की सूची प्राधिकरण की एकल खिड़की में नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है। जेडीए द्वारा सफल आवंटियों को रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के जरिये भी सूचित किया गया है।

जेडीए द्वारा नवीन ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर योजना में पंजीकरण एवं आवेदन की अन्तिम तिथियों को बढ़ाया गया। प्राधिकरण उपायुक्त जोन-2 मुकेश बारेठ ने बताया कि जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मोगड़ा पाली रोड पर विकसित की जा रही नवीन ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना में आवेदन पत्रों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि को 1 दिसंबर 2025 तक एवं ऑनलाईन आवेदन अपलोड कराने की अन्तिम तिथि को 3 दिसंबर 2025 तक बढ़ाया गया है। योजना की लॉटरी के लिए 10 दिसंबर 2025 प्रस्तावित की गई है।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया, सामान्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी प्राधिकरण पोर्टल पर उपलब्ध है।

बारेठ ने बताया कि उक्त योजना के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किए जाएंगें।

### समाज में बदनाम करने का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के मसूरिया भील बस्ती में रहने वाली एक महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर दंपती ने उसे समाज में बदनाम कर किया। आईडी पर अशील फोटो वीडियो अपलोड कर डाल दिए गए। देवनगर थाना पुलिस ने आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है। फर्जी आईडी अगस्त माह में बनाई गई है।

पुलिस के अनुसार मसूरिया भील बस्ती की एक महिला ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि क्षेत्र में रहने वाले एक दंपती ने मिलकर उसके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना ली, फिर उस पर उसके अशील फोटो- वीडियो डाल दिए। उसके अशील फोटो वीडियो समाज के लोगों ने देखा और उलाहना देना शुरू कर दिया, जिससे उसकी काफी बदनामी हो गई। फर्जी आईडी 17 अगस्त को बनाया जाना पता लगा है, जोकि 7 अक्टूबर तक चलाई गई। इस बीच फोटो वीडियो डाले गए है। देवनगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# एम.डी.एम. अस्पताल में भी होगा किडनी ट्रांसप्लांट

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में आने वाले दिनों में किडनी ट्रांसप्लांट भी हो सकेगा। हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट के अलग से ओटी बनकर तैयार भी हो चुकी है। इससे न सिर्फ यहां आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी बल्कि ओटी में अन्य विभाग के मरीजों को मिलने वाली वेटिंग से भी मुक्ति मिलेगी।

नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉक्टर सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि लंबे समय से किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के जल्द शुरू होने की उम्मीद की जा रही थी। अब यहां पर कमियों को दूर कर उसे तैयार किया गया है। अभी यहां हमने ट्रांसप्लांट ओटी, यूरोलॉजी ओटी भी शुरू कर दिया गया है। निकट भविष्य में यहां किडनी ट्रांसप्लांट भी हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि इस यूनिट में सारी सुविधाएं एक ही जगह पर मिल सकेगी। इससे मरीजों को फायदा होगा। क्योंकि अभी वर्तमान में यहाँ ट्रांसप्लांट के लिए सामान्य ओटी ही है। इसकी वजह से अन्य मरीजों के ऑपरेशन टालने पड़ते हैं, क्योंकि संक्रमण का खतरा बना रहता है। ऐसे में यहां सेपरेट ट्रांसप्लांट यूनिट होने से कार्य निर्बाध रूप से चलता रहेगा। अन्य किसी भी यूनिट की कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### पहले टालने पड़ते थे ऑपरेशन

अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर विकास राजपुरोहित ने बताया कि हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट ओटी की प्रक्रिया चल रही थी। जिसमें कुछ कमियां रहने की वजह से उसे शुरू करने में दिक्कत थी। अब सभी कमियों को दूर कर उसे शुरू किया गया है। यहां पर आगे से यूरोलॉजी और ट्रांसप्लांट के पेशेंट वहीं ऑपरेट किए जाएंगे। इससे एक सेपरेट और इन्फेक्शन फ्री माहौल में ऑपरेशन हो सकेंगे।

गौरतलब है कि संभाग का सबसे बड़ा हॉस्पिटल होने के चलते यहां जोधपुर, पाली, बाड़मेर, जालौर, सिरोही, बालोतरा, फलोदी सहित कई जिलों के मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहां पर रोजाना 7 हजार के करीब मरीजों को ओपीडी भी रहती है। ऐसे में यहां पर एक ही ओटी होने के चलते कई बार ट्रांसप्लांट के दौरान आम ऑपरेशन के मरीजों को इंतजार करना पड़ता था। अब इस ओटी के शुरू होने से इन मरीजों को भी राहत मिलेगी।

# श्रेष्ठ कार्मिक सम्मान के हकदार : राणावत

**पाली**, , (नि.सं.)। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पाली (118) मे मे चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत गुरूवार को शतः प्रतिशत एवं लक्ष्य के करीब पहुंचने वाले श्रैष्ठ बूथ लेवल अधिकारियो का सम्मान किया गया।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभागकी ओर से 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी यह अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान के तहत सभी बी.एल.ओ. को लक्ष्य आंवटित कर निश्चित समयावधि मे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर सभी अपनं लक्ष्य को पूर्ण करने मे पूरी कोशिश मे लगे हुए इसी बीच निर्वाचन क्षेत्र के भाग संख्या 4 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूरियासनी मे कार्यरत बी.एल.ओ. रूप सिंह गोयल को भी 498 मतदाताओ के गणना प्रपत्र वितरण एवं उनके ऑनलाईन करने का लक्ष्य दिया जिसे उन्होने महज 16 दिन कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर नई मिशाल पेश की जिस पर उपखंड अधिकारी रोहट पूरण कुमार ने उन्हे प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्य की पूर्णता पर बी.एल.ओ.रूप गोयल ने बताया कि वे अब अपने साथियो का कार्य पूर्ण करने मे सहयोग करेंगे। ऐसे मे श्रैष्ठ कार्मिक हमेशा सम्मान के हकदार है।

#### पिंटूराम बी.एल.ओ. आफ द डे बने

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राणावत ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान मे बूथ लेवल अधिकारियो का मनोबल बढाने के उदेश्य से गुरूवार को बी.एल.ओ .आफ द डे पुरस्कार की शुरूआत की गई है जिसमे उस कार्य दिवस मे सबसे ज्यादा फार्म डिजीटलाईजेशन करने पर संबधित बी.एल.ओ. को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है जिस पर गुरूवार को निर्वाचन क्षैत्र के भाग संख्या 233, पांचपदरिया के बीएलओ पिंटू राम एवं सहयोगार्थ कार्य हेतु इनके साथी मुकेश कुमार एवं श्री जयचंद का एस.आई.आर कार्यक्रम में कुल 1548 मतदातओ मे लगभग 1100 से अधिक मतदाताओं के फॉर्म डिजिटाइज्ड करने के उत्कृष्ट कार्य करने पर उप तहसील कार्यालय जैतपुर के नायब तहसीलदार मांगीलाल मीणा द्वारा बी.एल.ओ .आफ द डे का खिताब दिया।

# विजन संस्थान के कार्यक्रम में डॉ. नगेंद्र शर्मा का व्याख्यान

**जोधपुर**, (का.सं.)। ''मेडे विजन'' संस्थान तेलंगाना हैदराबाद द्वारा ''डॉक्टर्स का चिकित्सा और सामाजिक बोध'' विषय पर होने वाले वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 23 नवंबर को इस बार आर एन टी मेडिकल कॉलेज उदयपुर में आयोजित किया जाएगा।

संस्था के कार्यक्रम संयोजक डॉ सचिन यादव ने बताया कि इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को उनके द्वारा की जाने वाली मरीजों की चिकित्सा के अलावा उनके समाज के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी और विभिन्न बीमारियों की जानकारी के प्रति समाज में जागरूकता लाने के दायित्व के बारे में चिकित्सकों की क्या भूमिका होती है उसको सभी चिकित्सकों प्रेरणा दायक चिकित्सकों से रूबरू करवाना है। जो चिकित्सक समाज में विभिन्न बीमारियों के लिए जागरूकता लाने का कार्य करते है उनको समाज में ''रोल मॉडल चिकित्सक'' की तरह सभी चिकित्सकों के सामने ''उनकी ''कहानी उनकी जुबानी'' कार्यक्रम का आयोजन कर चिकित्सकों को उनके चिकित्सा के अलावा उनके सामाजिक दायित्व का बोध करवाना है।



डॉ. नगेंद्र शर्मा

इसी कड़ी में इस बार ये कार्यक्रम राजस्थान के उदयपुर में आर एन टी मेडिकल कॉलेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जोधपुर के सीनियर न्यूरोसर्जन डा नगेंद्र शर्मा का चयन रोल मॉडल के रूप में किया गया है। उनके द्वारा किए जा रहे 27 वर्षों से निशुल्क मिर्गी रोग के प्रति जागरूकता अभियान से सभी चिकित्सकों से रूबरू करवाया जाएगा, जिससे सभी चिकित्सकों को प्रेरणा मिल सके। डॉ. नगेंद्र शर्मा का कार्य समाज में एक ऐसा अनुकरणीय उदाहरण है जो चिकित्सा सेवा के साथ साथ मानवीय संवेदना और समाज के प्रति एक चिकित्सक का उत्तरदायित्व को दर्शाता है। इसलिए हमारे संस्थान ने राजस्थान राज्य में इस बार डा नगेंद्र शर्मा का चयन किया है । इसके लिए हमारी संस्थान डा नगेंद्र शर्मा को बधाई देती है।

### चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर पुलिस थाना क्षेत्र में नकबजनी की वारदातें बढ़ने लगी है। पिछले चार दिनों में तीन बड़ी नकबजनी की वारदातें हुई है। अब एक बार फिर शिक्षक कॉलोनी में चोरों ने सूने मकान में सैंध लगाकर वहां से ढाई लाख की नगदी के साथ आभूषण चोरी कर लिए। इस बारे में राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर नागौरी बेरा मंडोर निवासी हनुमान सिंह पुत्र देवी सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी बेटी का ससुराल शिक्षक कॉलोनी गली नंबर 7 राजीव गांधी नगर इलाके में है। उसकी बेटी के ससुर 14 नवंबर से 18 नवंबर तक महाराष्ट्र गए हुए थे। बुधवार को सूचना मिली कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर वह वहां पहुंचा। चोरों ने घर में रखी अलमारी के ताले तोडक़र 2.50 लाख की नगदी, चार- पांच तोला सोना, 20-25 तोला वजनी चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया गया। पिछले तीन चार दिनों में राजीव गांधी नगर हलके में लगातार सैंध लग रही है।

# शर्मा स्पेशल पीपी होंगे

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान सरकार के विधि विभाग ने अपर जिला न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर में लंबित आतंकवादियों के बहुचर्चित केस में ए. टी. एस. विभाग की ओर से पैरवी करने के लिए दिनेश कुमार शर्मा को विशिष्ट लोक अभियोजक नियुक्त किया है। इस प्रकरण में एटीएस ने पुलिस थाना प्रताप नगर में देश के विरुद्ध, विधि विरुद्ध गतिविधियों के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 113/2014 दर्ज करवाई थी। जिसमें अनुसंधान के दौरान 12 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए थे ।जिसका प्रकरण अभी अपर जिला न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर में विचाराधीन है। शर्मा इस प्रकरण में एटीएस विभाग की ओर से पैरवी करेंगे।

शर्मा अभी वर्तमान में लोक अभियोजक जोधपुर महानगर में पदस्थापित है तथा इस प्रकरण में पूर्व में भी एटीएस की ओर से पैरवी कर चुके है। उनके अनुभव को देखते हुवे एटीएस विभाग की अनुसंशा पर विधि विभाग राजस्थान सरकार ने शर्मा को इस प्रकरण में पैरवी करने के लिए स्पेशल लोक अभियोजक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।